# अंजुमन काम्पलेक्स विवाद पर हाई कोर्ट ने दिया स्टे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंजुमन कमेटी के विवादित कॉम्पलेक्स को लेकर हाईकोर्ट ने फिर से स्टे दे दिया है। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने 14 दिनों के भीतर निगम को अवैध निर्मा तोड़ने के आदेश दिए थे जिस पर आयुक्त ने सात दिन के भीतर अंजुमन कमेटी को खुद ही अवैध निर्माण तोड़ने का नोटिस दिया था।

गौरतलब है कि अंजुमन कॉम्पलेक्स का निर्मा बिना नगर निगम और टी एण्ड सीपी की अनुमति से किया गया था। हाईकोर्ट में पिटीशन दायर करने के बाद कोर्ट ने 1069.17 वर्गफीट के अवैध निर्माण को तोड़ने के आदेश दिए थे।

वहीं नगर निगम और टी.एंड सीपी. के अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया गया था। फैसले से 14 दिन के भीतर निगम को ये कार्रवाई करना था।

सोमवार को अंजुमन कमेटी की अपील पर हाईकोर्ट की डबल बैंच ने नए आदेश तक यथा स्थिति बनाए रखने का स्टे दिया है। इससे अब निगम और नजूल कार्यालय यथास्थिति बनाए रखने के लिए बाध्य है।

## ओबीसी महासभा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ओ.बी.सी. महासभा के जिलाध्यक्ष लोधी विपिन वर्मा के नेतृत्व में 18 मार्च दिन मंगलवार को 7 सूत्रीय मांगो का राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जिसमें प्रमुख रूप से मध्यप्रदेश में तत्काल 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, 13 प्रतिशत होल्ड हटाकर अविलंब पिछड़ा वर्ग के चयनित विद्यार्थियों को ज्वाईनिंग दिये जाने, देश में जातिगत जनगणना सरकार करवाये तथा जनगणना के उपरांत देश के अंदर संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी देने, प्रायवेट सेक्टर में आरक्षण लागू किया जाने, बोधी बिहार गया बौद्धों का धर्मस्थल है इस पर अन्य धार्मिक लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है उसे तत्काल आजाद कराये जाये, न्यायालय में कालेजियम प्रणाली बंद की जाने, अ.जा., अ.ज.जा. एवं अपिव के युवाओं को जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिये दर-दर भटकना पड़ता है, इसलिये शहर में वार्ड स्तर पर एवं ग्राम में पंचायत स्तर पर विशेष केम्प लगाकर जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने एवं माचागोरा डेम का पानी छिंदवाड़ा जिले के समस्त कृषकों तक पहुँचाया जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।



# जुन्नारदेव में निजी स्कूल ने 12 दिन पूर्व ही घोषित कर दिया परीक्षा परिणाम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विकासखंड जुन्नारदेव के प्राइवेट स्कूलों का एक नया कारनामा राज्य शिक्षा केंद्र के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए विकासखंड जुन्नारदेव केंद्र की एक संस्था उड़ान पब्लिक स्कूल की उड़ान इतनी तेज हो गई है कि 12 दिन पूर्व ही संस्था के प्राचार्य द्वारा बिना संकुल केंद्र के अनुमोदन के पूर्व ही स्थानीय कक्षाओं 1, 2, 3, 4 और 6, 7 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया और इतना ही नहीं अंक सूची का भी वितरण छात्र-छात्राओं को कर दिया।



इस संबंध में बी.आर.सी. कार्यालय के द्वारा संबंधित संस्था को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है जांच जारी है जांच के पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है -**

संकुल केंद्र प्राचार्य का अभिमत लिया जा रहा है जांच के आधार पर कार्रवाई की जावेगी

**बी आर सी**
**अरविंद डेहरिया**

बी.आर.सी. के द्वारा जांच करवा कर उचित कार्रवाई की जावेगी।

**ओ.पी. जोशी**
**विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव**


मुझे अनुमोदन की जानकारी नहीं है

**सी.एस. दीक्षित**
**संकुल केंद्र प्राचार्य जुन्नारदेव**

## सार समाचार

### आईपीएस मनीष शंकर शर्मा के निधन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन छिन्दवाड़ा एवं जिला कांग्रेस कमेटी ने आई.पी.एस. मनीष शंकर शर्मा के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने एवं दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने ईश्वर से प्रार्थना की है।



जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जे.पी. सिंह ने गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आई.पी.एस. मनीष शंकर शर्मा का निधन छिन्दवाड़ा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के लिए व्यक्तिगत क्षति है। आई.पी.एस. श्री शर्मा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष रहे हैं। अपने छिन्दवाड़ा कार्यकाल के दौरान उन्होंने एसोसिएशन को अपना सम्पूर्ण योगदान दिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। जे.पी. सिंह ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने जिला कांग्रेस परिवार की ओर से छिन्दवाड़ा पुलिस अधीक्षक रहे मनीष शंकर शर्मा के निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कर्तव्यनिष्ठ व निष्पक्ष अधिकारी की भूमिका का पूरा निर्वाहन श्री शर्मा के द्वारा किया गया। उन्होंने निष्पक्ष रूप से पुलिस अधिकारी के रूप में समाज की सेवा की है। श्री ओकटे ने शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने एवं दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने ईश्वर से प्रार्थना की। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आशीष त्रिपाठी ने आई.पी.एस. मनीष शंकर शर्मा के निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा कि छिन्दवाड़ा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के जनक श्री शर्मा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पंजीकृत सभी 70 टीमों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि। शोकाकुल परिवार को यह गहन दुख सहन करने की क्षमता व दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने ईश्वर से प्रार्थना की।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा छिंदवाड़ा की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा छिन्दवाड़ा की बैठक टी.एम.आर. नायडू उपप्रान्ताध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पेंशनर्स के लम्बित मांगों पर चर्चा की गई जिसमें केन्द्र के समान 53 प्रतिशत मंहगाई राहत स्वीकृत की जावे एवं केन्द्रीय तिथि से मंहगाई राहत दी जावे। छटवें एवं सातवें वेतनमान के एरियर्स का भुगतान किया जावे। पेंशनर्स की 79 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत का लाभ दिया जावे 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनर्स को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिया जावे। केन्द्र के समान राज्य पेंशनर्स के नियमों में अविवाहित बेटी, विधवा परित्यक्ता बेटी को आजीवन थर्ड पार्टी परिवार पेंशन प्रदान की जावे आदि 9 सूत्रीय मांगों का निराकरण हेतु शासन को ज्ञापन सौंपा जावेगा।

आगामी 22 मार्च 2025 को जबलपुर में राज्य स्तरीय होने वाले प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के सम्मेलन में जिले से पेंशनर्स भाग लेंगे। बैठक में सर्व टी.एम.आर. नायडू उपप्रांताध्यक्ष, सुश्री कमला डेहरिया अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, विजय सिंह कुशरे जिलाध्यक्ष, कृपाशंकर यादव, डी.पी. डेहरिया, योगेश सक्सेना, प्रभाकर ठाकरे, ए.आर. डेहरिया आदि उपस्थित रहे।

### होली मिलन समारोह में मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, कान्हा संग संगीत, मुख्य आकर्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कपड़ा बैंक सेवा सहयोग समिति छिन्दवाड़ा की जिला समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में समिति सदस्य शामिल होकर होली पर्व मनाया। होली मिलन समारोह में समिति के लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में भाईचारा एवं प्रेम सौहार्द और सहयोग की भावना मजबूत होती है। समाज विकास एवं सहयोग के लिए सभी को साथ मिलकर काम करना होगा। समारोह में मौजूद सभी लोगों ने रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह आयोजन कपड़ा बैंक के सदस्यों को जोड़ने और प्रेम व सौहार्द की भावना को मजबूत करने का अवसर बना। जिला मीडिया प्रभारी श्याम कोलारे ने बताया कि कपड़ा बैंक के सभी सदस्यों शुभ चिंतको एवं दान-दाताओ के साथ होली मिलन समारोह जिले से पधारे संस्थापक महेश भावरकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता महेश भावरकर, जिलाध्यक्ष ललिता सरवैया उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं उपाध्यक्ष के.एस. सेंगर ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के साथ अभियंता संघ जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष टी.सी. तुरकर, म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर्स समाज के संयुक्त रूप से पेंशनरों की लंबित मांगों का 6 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से सौंपा गया।

इसमें मुख्यत: मांगें म.प्र. छत्तीसगढ़ के पुर्नगठन की धारा 49(6) को विलोपित करने हेतु मांग की गयी तथा आपसी सहमति को समाप्त करने के लिये नियम पारित किया जाये। इसी प्रकार 65 वर्ष की आयु में 5 प्रतिशत 70 वर्ष की आयु में 10 प्रतिशत, 75 वर्ष की आयु में 15 प्रतिशत और 80 वर्ष की आयु 20 प्रतिशत मंहगाई राहत बढ़ाई जाये। केन्द्र सरकार के पेंशनरों जिस दिनांक से मंहगाई राहत दी जाती है उसी दिनांक से म.प्र. के पेंशनरों को भी मंहगाई राहत दी जावें।

स्वास्थ आयुष्मान योजना का लाभ 62 वर्ष की आयु से दिया जाये पेंशन एवं ब्याज की राशि आयकर मुक्त रखा जावें, वरिष्ठ नागरिकों को पूर्व की तरह किराये में छूट दी जावें। यदि उक्त मांगें स्वीकृत नहीं की जाती तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जायेगा।

आज के ज्ञापन सौंपने में अभियंता संघ, विद्युत मंडल के पेंशनर्स, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स भारी संख्या में उपस्थित रहे ।



### आज रंगपंचमी में निकलेगा जुलूस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सार्वजनिक रंग पंचमी उत्सव समिति के तत्वावधान में गांधी गंज से आज प्रात: 11 बजे विभिन्न मार्गो से होते हुए रंग गुलाल खेलते हुए जुलूस निकलेगा जो विभिन्न मार्गो से होते हुए छोटा तालाब, छोटी बाजार, गोलगंज, फव्वारा चौक होते हुए दशहरा मैदान में समाप्त होगा इसकी तैयारी वृहद स्तर पर हुई है

# जिला कांग्रेस में जमकर उड़े रंग गुलाल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजीव कांग्रेस भवन में मंगलवार को उल्लास के माहौल में होली मिलन समारोह मनाया गया। दिन चढ़ने के साथ ही फिज़ा में रंग व फॉग के रस घुल गए। सारा आलम रंगीन हो गया। पूर्व सांसद नकुलनाथ के पहुंचते ही ढोल और मंजीरों के साथ होरियारों की टोली में उत्साह दोगुना हो गया। ढोल की थाप पर नाचते-गाते कांग्रेस परिवार के सदस्यों व आमजन ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले मिलकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

प्रात: काल से राजीव कांग्रेस भवन में जिले की आमंत्रित विख्यात फाग मंडियों के सदस्यों ने ढोल, झांझ, मंजीरे पर सुमधुर फाग, चैता, बेलवाइया व उलारा जैसे पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी। गुलाल से सराबोर नकुलनाथ कांग्रेस भवन पहुंचते ही फाग के गीतों के रंग में भी रंगे नजर आए वे आमजन कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ जमकर थिरके।

उन्होंने फाग मंडियों के सदस्यों के बीच पहुंचकर पालती मारकर झांझ पर थाप दी तो मंडलियों के सदस्यों ने फाग की प्रस्तुति दी जिस पर कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व आमजन झूम उठे। होली मिलन समारोह में उड़ते रंग व गुलाल के बीच नकुलनाथ ने सभी को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी साथ ही। पहले पहर में फाग की धूम और दूसरे पहर में नकुलनाथ के साथ ही हुए होली मिलन समारोह से सारा जहां रंगी हो गया।

कांग्रेस भवन में आयोजित होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए नकुलनाथ ने सर्वप्रथम छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के परिवारजनों व कांग्रेस परिवार के सदस्यों को होली, धुरेंडी व रंग पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं स्वयं व कमलनाथ की ओर से दी।

उन्होंने अपने सारगर्भित उदबोधन में उपस्थितजनों से कहा कि यह होली मिलन समारोह पहली बार हुआ है। अगला होली मिलन समारोह भव्य और वृहद होगा जिसमें छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के कांग्रेसजन व आमजन उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत है किन्तु अभी बहुत कुछ शेष है जो आने वाले समय में पूरा होगा और भव्य होगा। उन्होंने उपस्थितजनों को गुलाल लगाकर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

आयोजित होली मिलन समारोह के उपरांत कांग्रेस भवन में स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। कांग्रेस परिवार के सदस्यों एवं उपस्थित आमजन ने कार्यक्रम के उपरांत स्वादिष्ट भोजन का लुफ्त उठाया। आयोजित कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी सहित कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ व अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण व आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भारतीय मजदूर संघ ने किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ केन्द्रीय कार्यसमिति के द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार कन 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार को जिला ईकाई भारतीय मजदूर संघ के द्वारा जिलाध्यक्ष कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समिति के उपाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत द्वारा की गई।

धरना प्रदर्शन में संजय शक्रवार, विभाग प्रमुख, डॉ. महेन्द्र मौर्य अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ, उमेश दुबे अध्यक्ष भारतीय मीटर वाचक संघ, रामसिंह बघेल, तेजप्रताप शाही अध्यक्ष एवं महामंत्री भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश श्रीवास्तव मंच पर उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा आज के धरना प्रदर्शन के संबंध में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया और यह बतलाया गया कि बजट पूर्व वित्त मंत्री भारत सरकार के साथ भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ 6 जनवरी 2025 को दिल्ली में हुई बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये थे। उनमें से भारत सरकार द्वारा पारित बजट 2025-26 में शामिल किया गया जैसे आयकर की सीमा में वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों को



टी.डी.एस. में रियायत, कैंसर संबंधित दवाओं के मूल्य में भारी छूट आदि दिये जाने पर भारतीय मजदूर संघ के द्वारा सरकार के इस कदम की प्रशंसा की गयी परंतु कार्यसमिति यह अनुभव करती है कि प्रस्तुत बजट से ई.पी.एस.- 95 के 75 लाख से अधिक पेंशनर्स को कोई राहत नहीं दी गई जिससे उनमें घोर निराशा व्याप्त है।

इस मंहगाई के युग में 1000 रूपये से जीवन निर्वाह करना कल्पनातीत है। स्कीम वर्कर जैसे आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील के साथ-साथ असंगठित जैसे बीड़ी एप्लांटेशन, चाय, बागान मजदूर, कृषि मजदूर एवम् खनन मजदूरों की भी उपेक्षा की गई है। सरकार ने प्रस्तुत बजट में वर्ष 2030 तक स्थायी संपत्ति मुद्रीकरण के माध्यम से 10 लाख करोड़ रूपये जुटाने का लक्ष्य तय किया है। वहीं जीवन बीमा निगम में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति देकर सार्वजनिक सम्पत्ति की बिक्री का मार्ग खोलकर जले पर नमक छिड़का है और सरकार का यह कदम आत्मनिर्भर भारत की अवधारण पर चोट है।

अत: भारतीय मजदूर संघ की 158 वीं कार्यसमिति भारत सरकार से यह मांग करती है कि ई.पी.एस. 95 की न्यूनतम पेंशन रूपये 5000 तत्काल की जाये व अंतिम तौर पर वेतन का 50 प्रतिशत मंहगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जाये। ई.पी.एफ. की वेतन सीमा 15000 रूपये से बढ़ाकर 30000 रूपये और ई.एस.आई.सी. की वेतन सीमा 21000 रूपये से बढ़ाकर 42000 रूपये प्रतिमाह की जाये, सार्वजनिक सम्पत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाये, बीमा वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाये, स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाये असंगठित क्षेत्र हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाये।

ज्ञापन सौंपने के पश्चात् हिन्दुस्तान यूनिलीवर के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के द्वारा तथा रेल्वे हम्माल मजदूर संघ के प्रतिनिधित्यों के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, भारतीय मजदूर संघ जो कि ई.पी.एफ. ट्रस्ट के सदस्य है उनके सम्मुखता से लंबित मांगों के संबंध में चर्चा की गयी। हिन्दुस्तान यूनी लीवर के 64 सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा उनके ई.पी.एफ. से संबंधित हायर पेंशन के प्रकरण के लंबित रहने के संबंध में चर्चा की गयी जिस पर तत्काल क्षेत्रीय आयुक्त जबलपुर से अध्यक्ष द्वारा चर्चा की गयी।

इसी तरह रेल्वे हम्माल मजदूर संघ के द्वारा ध्यानाकर्षित की गयी ई.पी.एफ. कटौती की कार्यवाही के संबंध में उपायुक्त भविष्य निधि छिन्दवाड़ा से चर्चा की गयी तथा शीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन रमेश मेहरा उप जिलाध्यक्ष को ग्रहण किया गया ज्ञापन का वाचन जिला मंत्री अर्जुन भारती के द्वारा किया गया।

# जिले में मध्यप्रदेश की पहली ताजे पानी में मोती की खेती परियोजना का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार के साथ आज विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत पालाचौरई में ताजे पानी में मोती की खेती परियोजना का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने इसकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

यह परियोजना 15 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में नवाचार के रूप में शुरू की गई है और अब इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि जब यह पहल शुरू की गई थी तब यह मध्यप्रदेश में अपने आप में पहली बार था कि ताजे पानी में मोती की खेती का प्रयास किया जा रहा था।

## ऐसे होती है मोती की खेती एक नजर में देखें

यह अनूठी पहल मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से संचालित की जा रही है, जिसका संचालन श्री स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। इस परियोजना में कृषि विज्ञान केंद्र, छिंदवाड़ा का तकनीकी मार्गदर्शन भी मिल रहा है, जिससे



समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण और आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई हैं।निरीक्षण के दौरान समूह की महिलाओं ने कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह को बताया कि मोती की खेती के दौरान पी.एच., टी.डी.एस., अमोनिया और ऑक्सीजन के स्तर को कैसे नियंत्रित किया जाता है। कलेक्टर श्री सिंह ने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस अभिनव प्रयास को और व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

समूह की महिलाओं ने बताया कि इस पहल से उन्हें अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्र में आजीविका के नए अवसर पैदा कर रही है और आने वाले समय में ग्रामीण विकास का प्रभावी उदाहरण बन सकती है इसमें मोती की खेती को लेकर न केवल जिला कलेक्टर और सी.ई.ओ. लगातार देखने पहुंच रहे है अपितु कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक और उप संचालक कृषि भी समय समय पर जाते।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद निधि से होंगे 16 लाख के विकास कार्य

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने अपनी सांसद निधि से चौरई विकासखंड के विभिन्न गांवों में कई निर्माण कार्यो के लिए 16 लाख के विकास कार्यो की सौगात ग्रामीणजनों को दिए। इन विकास कार्यो की कई सालों से मांग की जा रही थी जो अब पूरी होने पर ग्रामीणजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू के चौरई विकासखंड के दौरे के दौरान ग्रामीणजनों ने उनके समक्ष उनके गांवों में कई निर्माण कार्यो के लिए निवेदन किया था। जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए सांसद श्री साहू ने ग्रामीणों की मांगों को पूरा किया और अपनी सांसद निधि से 16 लाख की राशि स्वीकृत कर दी है।

सांसद श्री साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में भाजपा सरकार के सहयोग से ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। हम इन दो जिलों का विकास करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, चाहे वो ग्रामवासी हो या शहरवासी सभी जायज मांगें पूरी की जायेगी। हमारी मंशा है कि ग्रामीणों को भी शहरवासियों की तरह हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हो।

चौरई विकासखंड के गांवों में कई विकास कार्य कराये जाएगें। पूर्व विधायक रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र ठाकुर, शैलेन्द्र चोपड़े, रमाकांत पटेल, ओम पटेल, भाजपा जिला उपाध्याक्ष बंटी पटेल की अनुशंसा पर ग्राम पचगांव में राममिलन के घर से रघुवीर रघुवंशी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण के लिए 2 लाख, खातीपिपरिया में कलामंच निर्माण के लिए 1 लाख, आमगांव में कलामंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम कुंडा रैयतवाड़ी में सी.सी. रोड निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम गुंजी में बाबूलाल के घर से धनराज के घर तक सी.सी. रोड।

### सार समाचार

# श्रम सेवा सहयोग की भावना से करें कार्य : विनोद तिवारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्रम सेवा सहयोग की भावना से कार्य करने का संकल्प लेते हुए ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष सात दिवसीय शिविर गाडरीढाना में सोमवार 17 मार्च से शिक्षा विद वीरेंद्र दुबे के मुख्य आतिथ्य में एवम प्राचार्य व्ही.के. तिवारी रासेयो प्रभारी एवम स्वयं सेवकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी ने अपने सात दिवसीय रासेयो शिविर में संचालित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने बताया कि ग्राम लोहारढाना, डिमराढाना, कृष्णा नगर, शिक्षक कॉलोनी, गौधुली आश्रम सहित ग्रामीण अंचल सहित अन्य स्थलों पर श्रमदान, स्वच्छता, स्वास्थ एवम पर्यावरण जागरूकता, जल



संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण सहित अनेकों विषयो पर जागरूकता कार्यक्रम एवम रैलीयो का आयोजन किया जावेगा। सभी एन.एस.एस. के स्वयंसेवक श्रम सेवा सहयोग की भावना से कार्य करते हुए शिविर के दौरान समाज उत्थान के कार्य करेंगे। कैंप में प्रतिदिन बौद्धिक चर्चा एवं स्वास्थ्य शिविर सेवाभावी गतिविधिया संचालित की जा रही है। श्री तिवारी ने कहा है श्रम सेवा सहयोग की भावना से स्वयं सेवक प्रशिक्षण लेकर कार्य करें।

# छिंदवाड़ा में आईसीआईसीआई बैंक की एक नई शाखा का उद्‌घाटन




**छिंदवाड़ा,देशबन्धु।** आईसीआईसीआई बैंक ने छिंदवाड़ा-नागपुर रोड, बोडरी पुल के पास एक नई शाखा स्थापित की है। यह शाखा बैंक की शहर में तीसरी और जिले में 17वीं शाखा है। शाखा में एटीएम की सुविधा उपलब्ध है। इस शाखा का उद्घाटन श्री सुधीर जैन, सब डिवीजन मजिस्ट्रेट, और श्री चंद्र प्रकाश राय, आयुक्त, नगर निगम, छिंदवाड़ा ने किया। यह शाखा बचत और चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और ऋण जैसे व्यवसायिक ऋण, स्वर्ण ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ऑटो ऋण और शिक्षा ऋण सहित संपूर्ण खातों और जमा योजनाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। इसके साथ ही रेमिटेन्स और कार्ड सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध है। शाखा परिसर में लॉकर सुविधा भी प्रदान की गई है। शाखा का संचालन सोमवार से शुक्रवार और महीने के पहले, तीसरे और पाँचवे शनिवार को सुबह 9ः30 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक किया जाता है। शाखा में टैब बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध है, जिसमें ग्राहक के स्थान पर बैंक कर्मचारी द्वारा टैबलेट डिवाइस के माध्यम से लगभग 100 सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। इन सेवाओं में खाता खोलना, फिक्स्ड डिपॉजिट जमा करना, चेक बुक अनुरोध करना, ई-स्टेटमेंट उत्पन्न करना और पते में परिवर्तन जैसी सेवाएँ शामिल हैं। आईसीआईसीआई बैंक के मध्य प्रदेश में 310 से अधिक शाखाएँ और 510 से अधिक एटीएम और कैश रिसाइकल मशीनें हैं। आईसीआईसीआई बैंक अपने बड़े ग्राहक आधार को शाखाओं, एटीएम, कॉल सेंटर, इंटरनेट बैंकिंग (www.icicibank.com) और मोबाइल बैंकिंग के बहु-चैनल वितरण नेटवर्क के माध्यम से सेवाएँ प्रदान करता है।

# कलेक्टर एवं सीईओ ने किया ग्राम पंचायत घोड़ावाड़ी खुर्द का आकस्मिक निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 18 मार्च को जिले के विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत घोड़ावाड़ी खुर्द का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार और एस.डी.एम. जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने शासन की योजनाओं के सही क्रियान्वयन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने उम्मीद स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे खाद के पैकेटों को कलेक्टर ने स्वयं खरीदा और उन्हें प्रोत्साहित किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने वॉश ऑन व्हील्स योजना से जुड़े स्वच्छता साथी शैलेन्द्र से भी चर्चा की। चर्चा के दौरान स्वच्छता साथी शैलेन्द्र ने बताया कि इस नवाचार के माध्यम से वे हर महीने 30 हजार रुपये से अधिक की आमदनी कर रहे हैं। वॉश ऑन व्हील्स योजना संस्थागत और निजी शौचालयों की साफ सफाई के लिए शुरू की गई है जो छिंदवाड़ा जिले की अनूठी पहल है, जो स्वच्छता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही है इसमें आम जनों का सहयोग भी अपेक्षित है ताकि इस मिशन को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाते हुए कर सके।

# भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की अध्यक्षता में एवं जिले के वरिष्ठ नेतृत्व कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति की उपस्थिति में मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री यादव ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और जिले के निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

होली मिलन समारोह में सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं जिले के सभी निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हमारी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार है। उन्होंने कहा कि होली में एक दूसरे से गले मिल कर शांति, सद्भावना और भाईचारा संदेश दिया जाता है और होली मिलन से सबमें एकता का भाव जागृत होता है।

उन्होंने कहा भक्त प्रहलाद भगवान नारायण के अनन्य भक्त थे और होलिका को आग से ना जलने का वरदान प्राप्त था इसी के मद में चूर होकर होलिका भक्त प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर आग में बैठ गई लेकिन प्रहलाद के अनन्य भक्ति के सामने होलिका का वरदान निष्फल हो गया, तभी से हमारा होली का पर्व प्रारंभ हुआ। श्री यादव ने कहा कि होली रंग हमारी भक्ति, एकता और खुशी के प्रतीक हैं।



इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित रमेश दुबे, रमेश पोफली, पूर्व विधायक नानाभाऊ मोहोड़, नत्थनशाह कवरेती, ताराचंद बावरिया, महापौर विक्रम आहके, अध्यक्ष भारिया विकास प्राधिकरण दिनेश अंगारिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सक्सेना, लखन वर्मा, आशीष ठाकुर, विजय पांडे, अजय सक्सेना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष बीरपाल इवनाती, जिला महामंत्री कांता ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष कमलेश उईके, जिला मंत्री अनुज पाटकर, जिला कार्यालय मंत्री अलकेश लाम्बा, जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान, आईटी प्रभारी दीपक कोल्हे, अर्पण मैद, मनोज चौरे, अध्यक्ष जनभागरीदारी समिति भारत घई, राहुल बंटी उईके, संजीव रंगू यादव, धनराज भूरा भावरकर, राजकुमार बघेल, प्रमोद शर्मा, मनोज सक्सेना, राकेश माईकल पहाड़े, कृपाशंकर सूर्यवंशी, दिन्शु यादव, आदि उपस्थित थे।

# चौरसिया महिला समिति ने मनाया फाग उत्सव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चौरसिया समाज के डोमन गुरू बाबा कृष्ण मन्दिर में फाग और भजन उत्सव में समाज की महिलाओं ने शामिल होकर आनन्द उठाया और सभी भाव विभोर हो झूम उठी राधा कृष्ण के साथ फाग की धूम मची।

## ये महिलाएं उपस्थित रही

चौरसिया महिला समिति की अध्यक्ष रक्षा मुकेश चौरसिया ने बताया कि समाज की सभी महिलाओं ने भाग लिया जिसमें पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया, अनुसुइया, पुष्पा, सुनीता, सुधा, ज्योति, माया, नीलाम, कांति, भारती, मोनिका, निधि, श्रद्धा, कंचन, अरुणा, कल्पना, नीलू, नीलम, राधा, काजल, ज्योति ,शोभिता, सीमा, रानी, मोनिका, रंजीता, नीतू स्मिता, सुमन, कुसुम, गुड़िया, रुवी, मधु, मनी, रामा, अनुरक्ति, विनीता, शोभा, राजनी, रागिनी, सुरभि, संध्या, कृष्णा, अनीता, बबली, रेखा एवं अन्य महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर शानदार होली गीत, फाग गीतों के साथ रंग गुलाल से होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया।



# यूएनडीपी प्रोजेक्ट के अंतर्गत आज से तीन दिवसीय कार्यशाला होटल एकार्ड में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुरूषोत्तम धीमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक ग्रीन इंडिया मिशन मध्यप्रदेश भोपाल ने पूर्व वन मण्डल छिन्दवाड़ा को आदेशित किया है कि यू.एन.डी.पी. प्रोजेक्ट के अंतर्गत 19 से 21 मार्च 2025 यानि तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर जिला कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जावे। नोडल अधिकारी पूर्व वन मण्डल छिन्दवाड़ा एल.के. वासनिक को बनाया गया है। इस कार्यशाला में कलेक्टर छिन्दवाड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिन्दवाड़ा, वन मण्डलाधिकारी पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्पादन छिन्दवाड़ा, उप संचालक उद्यानिकी, पशु पालन विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, प्रभारी अधिकारी जल शक्ति एवं प्रभारी अधिकारी सिंचाई विभाग को बुलाया गया है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं जनता की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 100 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली के खम्बे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम माल्हनवाड़ा के रंजीत डेहरिया व ग्राम पालाखेड़ की मनीषा मानकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मोरडोंगरीखुर्द की सुकवती प्रजापति ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की राशि दिलाने, ग्राम नजरपुर के श्याम सुन्दर तिवारी ने राजस्व अभिलेख दुरूस्त करने, ग्राम बेलगांव की ललताबाई ने अपनी जमीन की जांच कर जमीन सीमांकन की कॉपी व जमीन पर कब्जा दिलाने, ग्राम मुर्रा के अनसार अली ने अनावेदकगणों द्वारा शासकीय योजना के तहत अवैध रूप से प्राप्त की खरीदी-बिक्री संबंधी अनुमति निरस्त करने, ग्राम बखारी के मंगलसी भारती ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर प्रधानमंत्री आवास का मकान बनाने की अनुमति देने, छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर-19 के सतेन्द्र बंदेवार ने वार्ड में सैलून दुकान संचालित करने व पट्टा प्रदान करने, ग्राम गुरैया के रामनाथ ने आबादी की भूमि का आवासीय पट्टा प्रदान करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान सभी अधिकारी जनसुनवाई में शामिल हुये।

